आपके सरोकार हेतु "सूचना सेवा परियोजना"

डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन और यूरोपियन संघ, भारत की साझा पहल "सूचना सेवा" के तहत आपको अनुबंधित किया जाता है कि सार्वजनिक योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंच सके। "सूचना सेवा" का उद्देश्य है कि यह भारत के पिछड़े ज़िलों में सार्वजनिक योजनाओं की जानकारी एवं पात्रता को व्यापक स्तर तक पहुंचाने का काम करेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि सामाज के बहिष्कृत गरीब समुदायों को सूचनाओं से लैस कर उनका सशक्तिकरण करना। साथ ही स्थानीय प्रशासन में सुशासन को बढ़ावा देना भी इस प्रयास का एक लक्ष्य है ताकि इससे सार्वजनिक योजनाओं को निर्धारित क्षेत्रों के जन-जन तक पहुंचने में भी बढ़ावा मिले।

"सूचना सेवक" इस परियोजना के वो अभिनन्न अंग हैं जो सूचना प्रौद्योगिकी तकनीक व गैर तकनीकी माध्यमों से वंचित समुदायों के घर-घर तक सूचना पहुंचाएंगे। इस परियोजना के लाभार्थियों के फायदे के लिए उनकी मानसिकता को समझने हेतु इस कार्यक्रम के पहले चरण में बेसलाइन सर्वे किया जाएगा, जिसके तहत सूचना सेवक द्वारा पंचायत भवन, ब्लॉक ऑफिस व घरों से सूचनाएं एकत्र की जाएंगी।

इसके लिए स्थानीय स्तर पर आपके सहयोग की अपेक्षा है।

डीईएफ के बारे में: डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन (डीईएफ) दिल्ली स्थित एक गैर लाभाविंत संस्था है जो कि सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट XXI 1860 के अंतर्गत रजिस्ट्रड है। इसका मुख्य उद्देश्य दीर्घकालिक सूचना संचार तकनीक (आईसीटी) के साधन, जिसमें डिजिटल व न्यू मीडिया भी शामिल है के इस्तेमाल से पिछड़े व सुदूर इलाकों में बसे समुदायों की समस्याओं का निदान करना है।

भवदीय

Osama Manzar

ओसामा मंज़र
संस्थापक एवं निदेशक
डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन
नई दिल्ली